## बिहार सरकार
## सूचना प्रावैधिकी विभाग
## संकल्प

**विषयः– आई०आई०टी० पटना रिसर्च पार्क के निर्माण कार्य का कार्यान्वयन भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं सम्पूर्ण योजना का संचालन एवं प्रबंधन आई०आई०टी० पटना के द्वारा किये जाने की स्वीकृति के संबंध में।**

**[Approval for implementation of the Construction Work of IIT Patna Research Park by the Building Construction Department, Government of Bihar, Patna and for operation and management of the entire project by IIT Patna.]**

वित्तीय वर्ष 2026–27 में मंत्रिपरिषद् के स्वीकृति के पश्चात् विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–663 दिनांक 28.04.2026 के द्वारा आई०आई०टी० पटना रिसर्च पार्क की स्थापना हेतु राज्य सरकार की ओर से आई०आई०टी० पटना को सहायक अनुदान की कुल राशि ₹ 305,00,00,000.00 (तीन सौ पाँच करोड़) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र०सं० | विवरणी | राशि |
|---|---|---|
| 1 | भवन निर्माण लागत + MLCP एवं यूटिलिटी | 1,41,28,21,674 |
| 2 | अग्निशमन व्यवस्था | 9,36,45,000 |
| 3 | सेवाएँ– आंतरिक जल आपूर्ति और सैनीटरी इंस्टॉलेशन, आंतरिक विद्युत स्थापना | 21,64,55,856 |
| 4 | बाह्य सेवा कनेक्शन– बाह्य विद्युत सेवा कनेक्शन, बाह्य सिविल सेवा कनेक्शन, पावर वायरिंग एवं प्लग्स, लाइटनिंग कंडक्टरर्स, टेलीफोन कंड्यूट्स | 15,41,42,807 |
| 5 | लिफ्ट्स | 4,56,78,000 |
| 6 | RCC वाटर टैंक, भूमिगत संप | 30,90,000 |
| 7 | डेवलपमेंट ऑफ साइट | 16,39,81,709 |
| 8 | विशेषीकृत विद्युत और यांत्रिक कार्य | 49,02,69,250 |
| 9 | फर्नीचर / फर्निशिंग | 13,11,85,367 |
| 10 | फर्निशिंग और आंतरिक सज्जा कार्य | 19,67,78,051 |
| 11 | कंटीनजेंसी फी | 6,00,00,000 |
| 12 | बाउंडरी वाल | 6,55,92,684 |
| 13 | कंटीनजेंसी | 1,51,18,202 |
| | कुल राशि | **3,04,87,58,600** |
| | राउंड ऑफ | **305,00,00,000.00** |

*क्रमशः ............2/–*



IIT Patna Research Park-06-IT-09-2026

Scanned with OKEN Scanner

2. आई०आई०टी० पटना परिसर के 11 (ग्यारह) एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अवसंरचना के रूप में रिसर्च पार्क को विकसित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें निम्नलिखित सुविधायें होंगी :-

- कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास केन्द्रों हेतु कार्यालय परिसर
- अनुसंधान प्रयोगशालाएँ
- स्टार्ट-अप्स हेतु सुविधाएँ
- सेंटर ऑफ एक्सीलेंस
- कॉमन युटिलिटी सुविधाएँ
- प्रोटोटाइप एवं डिजाइन स्टूडियोज
- फैब्रिकेशन एवं विनिर्माण सुविधाओं हेतु कार्यशाला
- कम्प्यूटिंग एवं डिजाइन सिमुलेशन सुविधाएँ
- टेस्ट, मेजरमेंट एवं इवैल्यूएशन फैसिलिटिज
- क्वालिटी कन्ट्रॉल एवं प्रमाणीकरण सुविधाएँ
- सम्मेलन एवं प्रशिक्षण सुविधाएँ
- अन्य सहायक अवसंरचनाएँ

3. अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना ने पत्रांक-2538(भ) दिनांक 13.03.2026 के द्वारा आई०आई०टी० पटना रिसर्च पार्क की स्थापना हेतु कुल प्राक्कलित राशि ₹ 381.11 करोड़ पर तकनीकी अनुमोदन प्रदान किया गया है, जिसमें से राशि ₹ 305.00 करोड़ मात्र सहायक अनुदान के रूप में राज्य सरकार द्वारा आई०आई०टी० पटना को उपलब्ध कराया जाएगा तथा रेवेन्यू कैश फ्लो के आधार पर विकसित फैसिलिटी के इस्तेमाल से प्राप्त होने वाले रेवेन्यू से ऑपरेटिंग कॉस्ट की राशि ₹ 76.11 करोड़ मात्र का वहन आई०आई०टी० पटना के द्वारा किया जाएगा।

4. उक्त स्वीकृत्यादेश सं०-663 दिनांक 28.04.2026 के कंडिका-15 में यह उल्लेखित है कि योजना का क्रियान्वयन आई०आई०टी० पटना के द्वारा किया जायेगा। चूँकि रिसर्च पार्क के निर्माण की राशि का वहन सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार सरकार द्वारा किया जाएगा, अतः इसका निर्माण भवन निर्माण विभाग, बिहार सरकार से कराया जाना अपेक्षित है।

क्रमशः ............3/-

Scanned with OKEN Scanner

5. वर्णित स्थिति में आई०आई०टी० पटना रिसर्च पार्क के निर्माण कार्य का कार्यान्वयन भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना एवं सम्पूर्ण योजना का संचालन एवं प्रबंधन आई०आई०टी० पटना के द्वारा किये जाने की स्वीकृति प्रदान किया गया है।

6. प्रस्ताव पर मंत्रिपरिषद् द्वारा दिनांक 08.06.2026 को मद् संख्या–20 के रूप में स्वीकृति प्रदान की गयी है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

9/6/26

**(अभय कुमार सिंह)**
सरकार के सचिव।

**ज्ञापांकः** 06–सू०प्रा०–09/2026 1044 पटना, दिनांक 09/06/2026

**प्रतिलिपि :** अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को बिहार राजपत्र के विशेष संस्करण में प्रकाशित करने के लिए। अनुरोध है कि प्रकाशित राजपत्र की 1000 प्रतियां मुद्रित करें तथा इस विभाग को उपलब्ध कराएं।

9/6/26

सरकार के सचिव।

**ज्ञापांकः** 06–सू०प्रा०–09/2026 1044 पटना, दिनांक 09/06/2026

प्रतिलिपि : मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव/मुख्य सचिव, बिहार, पटना के विशेष कार्य पदाधिकारी/विकास आयुक्त, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

9/6/26

सरकार के सचिव।

**ज्ञापांकः** 06–सू०प्रा०–09/2026 1044 पटना, दिनांक 09/06/2026

प्रतिलिपि : सभी अपर मुख्य सचिव/सभी प्रधान सचिव/सभी सचिव/सभी विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/6/26

सरकार के सचिव।

*क्रमशः* .............4/–



Scanned with OKEN Scanner

**ज्ञापांकः** 06–सू०प्रा०–09/2026 ...1044... पटना, दिनांक...09/06/2026...

प्रतिलिपि : सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, आई०आई०टी०, कम्पा रोड, बिहटा, पटना–801106 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/6/26

सरकार के सचिव।

**ज्ञापांकः** 06–सू०प्रा०–09/2026 ...1044... पटना, दिनांक...09/06/2026...

प्रतिलिपि : सभी प्रमंडलीय आयुक्त/स्थानिक आयुक्त, बिहार भवन, नई दिल्ली/सभी जिला पदाधिकारी/सभी उप विकास आयुक्त, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/6/26

सरकार के सचिव।

**ज्ञापांकः** 06–सू०प्रा०–09/2026 ...1044... पटना, दिनांक...09/06/2026...

प्रतिलिपि : महालेखाकार (ले० एवं हक०), बिहार, पटना एवं सभी कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

9/6/26

सरकार के सचिव।

**ज्ञापांकः** 06–सू०प्रा०–09/2026 ...1044... पटना, दिनांक...09/06/2026...

प्रतिलिपि : आई०टी० प्रबन्धक, सूचना प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को संकल्प की प्रति विभागीय वेबसाईट पर अपलोड एवं ई–मेल करने हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

9/6/26

सरकार के सचिव।

Scanned with OKEN Scanner